बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना

(DEPT. OF HR & ADMINISTRATION)

(Regd. Office:- Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)

Contact No.: 7763817975,7763818077, email-dgmhr1015.bsptcl@gmail.com, website-www.bsptcl.in

TIN VAT NO-10011255025, CIN-U74110BR2012SGC018889

संकल्प सं0– 2917 दिनांक– 12-12-2022

Tr-I/DP/JEE-14008/2022

Email

सुश्री माधवी प्रियदर्शिनी (E18772), तदेन कनीय विद्युत अभियंता, संचरण अवर प्रमंडल, बेगूसराय सम्प्रति निलम्बित, मुख्यालय, संचरण जोन, पटना के विरूद्ध संकल्प संख्या–142 दिनांक–13.01.2022 के साथ संलग्न आरोप पत्र में उल्लेखित आरोप पर विभागीय कार्यवाही संचालित की गई तथा इस विभागीय कार्यवाही में श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सेवानिवृत विशेष सचिव, बिहार सरकार को संचालन पदाधिकारी एवं श्री विजय कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को उपस्थापन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

जाँच पदाधिकारी द्वारा नियमानुसार विभागीय कार्यवाही का संचालन करते हुए अपना जाँच प्रतिवेदन अपने पत्रांक– 154 दिनांक–28.06.2022 द्वारा सभी सुसंगत अभिलेखों सहित उपलब्ध कराया गया। जाँच पदाधिकारी द्वारा अपने जाँच प्रतिवेदन में आरोपी पदाधिकारी के विरूद्ध लगाये गये सभी आरोपों को अप्रमाणित पाया गया ।

जाँच पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन, उपस्थापन पदाधिकारी के लिखित प्रतिवेदन एवं आरोपी के लिखित प्रतिवेदन, गवाहों के गवाही एवं अन्य सुसंगत अभिलेखों की पूर्णरूपेण समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत जाँच पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन से असहमत होते हुए सक्षम प्राधिकार के अनुमोदनोपरांत संकल्प संख्या 2410 दिनांक 30.09.2022 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा निर्गत किया गया।

उंपरोक्त द्वितीय कारण पृच्छा पर सुश्री माधवी प्रियदर्शिनी द्वारा दिनांक–17.10.2022 को बिंदुवार जवाब समर्पित किया गया। तत्पश्चात् सुश्री माधवी प्रियदर्शिनी द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा में उल्लेखित तथ्यों एवं सभी सुसंगत अभिलेखों की पूर्णरूपेण समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत, सक्षम प्राधिकार द्वारा आरोपी पदाधिकारी के विरूद्ध संचालित उक्त विभागीय कार्यवाही में लगाये गये आरोपों से उन्हें आरोप मुक्त करने एवं निलंबन अवधि को सेवा अवधि मानते हुए उन्हें देय सभी प्रकार के आर्थिक लाभों की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

तदनुसार (i) सुश्री माधवी प्रियदर्शिनी (E18772), तदेन कनीय विद्युत अभियंता, संचरण अवर प्रमंडल, बेगूसराय सम्प्रति निलम्बित, मुख्यालय, संचरण जोन, पटना के विरूद्ध संकल्प संख्या–142 दिनांक–13.01.2022 के साथ संलग्न आरोप पत्र में उल्लेखित आरोपों से मुक्त किया जाता है।

(ii) उन्हे तत्क्षण प्रभाव से निलम्बन से मुक्त किया जाता है।

(iii) निलम्बन में बितायी गई अवधि को कार्य पर मानते हुए उन्हे देय सभी प्रकार के लाभो की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

आदेश — आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति जाँच पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन की प्रति सहित सुश्री माधवी प्रियदर्शिनी (**E18772**), तदेन कनीय विद्युत अभियंता, संचरण अवर प्रमंडल, बेगूसराय सम्प्रति निलम्बित, मुख्यालय, संचरण जोन, पटना को भी दी जाय।

आदेशानुसार,

ह0 / –

(जवाहर प्रसाद)
उपमहाप्रबंधक (मा0 सं / प्रशा0)

ज्ञापांक– दिनांक–

प्रतिलिपिः–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी / प्रधान आप्त सचिव / निदेशक (मा0सं0 / प्रशा0) के प्रधान आप्त सचिव, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना / प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना / प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना / प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना / प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(जवाहर प्रसाद)
उपमहाप्रबंधक (मा0 सं / प्रशा0)

ज्ञापांक–2918 दिनांक–12-12-2022

प्रतिलिपिः प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी / निदेशक (परियोजना / परिचालन) सभी महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, सभी संचरण जोन / सभी मुख्य अभियंता / महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) / उप महाप्रबंधक (मा0 सं0 / प्रशा0) / उपमहाप्रबंधक (ERP) / सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता / उप सचिव / सभी अवर सचिव / सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता / वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) / DBA/ सभी लेखा पदाधिकारी / लेखा पदाधिकारी (स्थापना) / सुश्री माधवी प्रियदर्शिनी (E18772), तदेन कनीय विद्युत अभियंता, संचरण अवर प्रमंडल, बेगूसराय सम्प्रति निलम्बित, मुख्यालय, संचरण जोन, पटना, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

2. DBA से अनुरोध है कि इसे कंपनी के वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

(जवाहर प्रसाद)
उपमहाप्रबंधक (मा0 सं / प्रशा0)